# अध्याय 1

# संज्ञा

## संज्ञा

जिस शब्द से किसी वस्तु, व्यक्ति, गुण, भाव इत्यादि का बोध हो, उसे **संज्ञा** कहते हैं। जब हम किसी को भी नाम से पुकारते हैं, तो वह संज्ञा कहलाती है; जैसे—राम, सीता, कानपुर, दूध, चोर इत्यादि।

## संज्ञा के प्रकार

*संज्ञा पाँच प्रकार की होती हैं*

### 1. व्यक्तिवाचक संज्ञा

जो संज्ञा किसी विशेष मनुष्य, प्राणी, स्थान या वस्तु का बोध कराए, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे—राम, दिल्ली, सेब।

**उदाहरण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| राम | श्याम | सीता | गीता |
| कृष्ण | महादेव | पार्वती | दुर्गा |
| रामायण | कामायनी | गोदान | गंगा |
| यमुना | ब्रह्मपुत्र | जनवरी | रविवार |

### 2. जातिवाचक संज्ञा

जो शब्द किसी विशेष या सम्पूर्ण जाति का बोध कराए, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे—बकरी, पर्वत, मनुष्य।

**उदाहरण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मनुष्य | देवता | देवी | राक्षस |
| मन्त्री | राजा | जुलाहा | भाई |
| बहन | मकान | कुर्सी | घोड़ा |
| गाय | कलम | पुस्तक | कौआ |

### 3. भाववाचक संज्ञा

जो शब्द किसी विचार, भाव, गुण, स्वभाव, दशा आदि को प्रकट करे, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे—ममता, कोमलता, चोरी।

**उदाहरण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्त्रीत्व | मनुष्यत्व | देवत्व | पशुता |
| अपनापन | परायापन | बन्धुत्व | नरत्व |
| मर्दाना | शीतलता | ठण्डाई | मिठास |
| यौवन | मित्रता | शत्रुता | बचपन |

### 4. समूहवाचक संज्ञा

जो शब्द एक को न बताकर समूह या पूरे समुदाय का बोध कराए, उसे समूहवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे—सभा, परिवार, कक्षा, सेना।

**उदाहरण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भीड़ | सभा | प्रदर्शन | झुण्ड |
| गुच्छा | जुलूस | रैली | मेला |
| बाजार | दल | पार्टी | गिरोह |

### 5. द्रव्यवाचक संज्ञा

जिस शब्द से नाप-तौल वाली वस्तु का बोध हो, उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे—सोना, दूध, तेल।

**उदाहरण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शराब | सोना | चाँदी | पारा |
| लोहा | ताँबा | कांसा | पानी |

## भाववाचक संज्ञाएँ बनाना

*भाववाचक संज्ञाएँ पाँच प्रकार से बनाई जा सकती हैं*

### 1. जातिवाचक संज्ञा से

| जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| मनुष्य | मनुष्यता | पशु | पशुता |
| मित्र | मित्रता | पुरुष | पुरुषत्व |
| स्त्री | स्त्रीत्व | दास | दासता |
| बच्चा | बचपन | युवा | यौवन |
| व्यक्ति | व्यक्तित्व | राष्ट्र | राष्ट्रीयता |
| ईश्वर | ईश्वरत्व | | |

### 2. सर्वनाम से

| सर्वनाम | भाववाचक संज्ञा | सर्वनाम | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| अपना | अपनत्व | निज | निजता/निजत्व |
| अहं | अहंकार | मम | ममत्व/ममता |
| सर्व | सर्वत्व | आप | आपा |
| पराया | परायापन | | |

### 3. विशेषण से

| विशेषण | भाववाचक संज्ञा | विशेषण | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| लघु | लघुता | कुटिल | कुटिलता |
| विशेष | विशेषता | पतित | पतिता |
| चतुर | चतुराई | गरीब | गरीबी |
| मीठा | मिठास | गहरा | गहराई |
| योगी | योग | परिष्कृत | परिष्कार |

4. **क्रिया से**

| क्रिया | भाववाचक संज्ञा | क्रिया | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| लड़ना | लड़ाई | पढ़ना | पढ़ाई |
| भरना | भराई | जागना | जागरण |
| दौड़ना | दौड़ | जीतना | जीत |
| हारना | हार | लिखना | लिखावट |
| उतरना | उतराई | सजाना | सजावट |

5. **अव्यय/अविकारी शब्दों से**

| अव्यय | भाववाचक संज्ञा | अव्यय | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| दूर | दूरी | निकट | निकटता |
| समीप | समीपस्थ | शीघ्र | शीघ्रता |
| ऊपर | ऊपरी | नीचे | निचाई |

# ✓ अभ्यास के लिए प्रश्न

**1.** संज्ञा का एक भेद नहीं है
(a) गुणवाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) जातिवाचक संज्ञा (d) समूहवाचक संज्ञा

**2.** जिन शब्दों से किसी भाव, गुण, स्वभाव आदि का बोध होता है, वह कौन-सी संज्ञा कहलाती है?
(a) समूहवाचक (b) भाववाचक
(c) द्रव्यवाचक (d) जातिवाचक

**3.** निम्नलिखित में से समूहवाचक संज्ञा नहीं है
(a) शृंखला (b) संघ
(c) वर्ग (d) व्यक्ति

**4.** जातिवाचक संज्ञा शब्द है
(a) लेखक (b) रामायण
(c) सुरेश (d) मनुष्यता

**5.** 'परिष्कार' शब्द है
(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(b) जातिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा
(d) समूहवाचक संज्ञा

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सी संज्ञा व्यक्तिवाचक संज्ञा है?
(a) अलकनन्दा (b) हार
(c) सोना (d) लकड़ी

**7.** 'क्रोध' शब्द में किस प्रकार की संज्ञा है?
(a) जातिवाचक (b) भाववाचक
(c) गुणवाचक (d) व्यक्तिवाचक

**8.** निम्न में से कौन-सा शब्द समूह जातिवाचक संज्ञाओं का समूह है?
(a) आम, रामायण, गंगा
(b) मित्रता, जवानी, सुन्दरता
(c) घर, मेज, किसान
(d) संघ, टुकड़ी, गिरोह

**9.** निम्न में से द्रव्यवाचक संज्ञा है
(a) पशु (b) दूध
(c) चतुर (d) समुद्र

**10.** निम्न में व्यक्तिवाचक संज्ञा है?
(a) कवि (b) नदी
(c) स्त्री (d) ऐवरेस्ट

**11.** 'हरा' जातिवाचक संज्ञा से कौन-सी भाववाचक संज्ञा बनती है?
(a) हरी (b) हरियल
(c) हरियाली (d) इनमें से कोई नहीं

**12.** 'बूढ़ा' शब्द से भाववाचक संज्ञा बनेगी
(a) बूढ़ाई (b) बुढ़ाई
(c) बुढ़ापा (d) बुढ़ऊ

**13.** 'स्वच्छ' से भाववाचक संज्ञा बनेगी
(a) स्वच्छता (b) स्वच्छपन
(c) स्वच्छत्व (d) इनमें से कोई नहीं

**14.** 'नारीत्व' शब्द में कौन-सी संज्ञा है?
(a) भाववाचक (b) जातिवाचक
(c) द्रव्यवाचक (d) व्यक्तिवाचक

**15.** निम्न शब्दों में संज्ञा शब्द है
(a) भारतीय (b) आल्पस
(c) लड़ना (d) अपना

**16.** निम्न में भाववाचक संज्ञा है
(a) पशु (b) शेर
(c) अस्पताल (d) उतराई

**17.** निम्न में जातिवाचक संज्ञा नहीं है
(a) नर (b) पार्वती
(c) देवता (d) मन्त्री

**निर्देश** (प्र.सं. 18-30) *दिए गए शब्दों से बनने वाली भाववाचक संज्ञा का चयन कीजिए।*

**18.** कंजूस
(a) कंजूसपना (b) कंजूसवान
(c) कंजूसी (d) इनमें से कोई नहीं

**19.** पण्डित
(a) पण्डिताई (b) पाण्डित्य
(c) पण्डितत्व (d) इनमें से कोई नहीं

**20.** बच्चा
(a) बच्चे (b) बचपन
(c) बच्चों (d) इनमें से कोई नहीं

**21.** घर
(a) घरेलू (b) घरहीन
(c) घराती (d) इनमें से कोई नहीं

**22.** युवक
(a) युवती (b) युवा
(c) यौवन (d) इनमें से कोई नहीं

**23.** शिशु
(a) शिशुताई (b) शिष्य
(c) शैशव (d) इनमें से कोई नहीं

**24.** दूत
(a) दौत्य (b) दूती
(c) दूतवान (d) इनमें से कोई नहीं

**25.** मिलाना
(a) मेला (b) मिलना
(c) मिलावट (d) इनमें से कोई नहीं

**26.** भाई
(b) भ्राता (b) भाईगिरी
(c) भाईचारा (d) इनमें से कोई नहीं

**27.** बड़ा
(a) बड़े (b) बड़प्पन
(c) बड़ाई (d) इनमें से कोई नहीं

**28.** लघु
(a) लघ (b) लघुताई
(c) लघुता (d) इनमें से कोई नहीं

**29.** ठण्डा
(a) ठण्डे (b) ठण्डक
(c) ठण्डी (d) इनमें से कोई नहीं

**30.** नीला
(a) नीले (b) नीली
(c) नीलाई (d) नीलापन

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (b) | 3. | (d) | 4. | (a) | 5. | (c) | 6. | (a) | 7. | (b) | 8. | (c) | 9. | (b) | 10. | (d) |
| 11. | (c) | 12. | (c) | 13. | (a) | 14. | (a) | 15. | (b) | 16. | (d) | 17. | (b) | 18. | (c) | 19. | (b) | 20. | (b) |
| 21. | (a) | 22. | (c) | 23. | (c) | 24. | (a) | 25. | (c) | 26. | (c) | 27. | (b) | 28. | (c) | 29. | (b) | 30. | (d) |